पंजाब केसरी 28/03/2026

# विद्यार्थियों ने प्रदूषण, जल संरक्षण व कचरा प्रबंधन बारे ली जानकारी

अम्बाला, 27 मार्च (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज में एस.डी.जी. क्लब, इको क्लब व समाजशास्त्र विभाग द्वारा टू वीक चैलेंज का सफल आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संबंधी मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके समाधान की दिशा में सोच विकसित करना था।

जानकारी हासिल करते हुए विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यार्थियों ने विभिन्न लोगों का साक्षात्कार लेकर पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं जैसे प्रदूषण, जल संरक्षण और कचरा प्रबंधन आदि के बारे में जानकारी एकत्रित की। इसके बाद विद्यार्थियों ने शिक्षकों एवं अन्य लोगों से संपर्क कर इन समस्याओं के संभावित समाधान खोजने का प्रयास किया।

इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि हमारे छात्रों में केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होना आवश्यक है। टू वीक चैलेंज जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों को वास्तविक समस्याओं से रूबरू कराती हैं और उन्हें समाधान खोजने की दिशा में प्रेरित करती हैं।